# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 12.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर"अमर उजाला, आज, दैनिक जागरण, जनवार्ता, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 12.12.2025

### वीडीए के कैंप में सुनवाई के लिए आए 100 मामले

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यंक्ष पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को नोटिस की सुनवाई और मानचित्र निस्तारण के लिए कैंप लगाया गया। 100 मामले सुनवाई के लिए आए। नियोजन अनुभाग के 8 मामलों का निस्तारण किया गया। 15 मामले अस्वीकृत किए गए। मानचित्र और नोटिस से संबंधित सुनवाई में 83 भवन स्वामी उपस्थित हुए। स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों, नियमों के अनुपालन न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है, उन्हें फिर से मंगाए। ब्यूरो

## आज–दि0 12.12.2025

### विप्रा कैंप में आठ प्रकरणों की हुई सुनवाई

विकास प्राधिकरण के सभागार में गुरुवार को उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग १०० प्रकरणों की सुनवाई की गयी जिसमें नियोजन अनुवाद के स्तर पर आठ प्रकरणों का निस्तारण किया गया। १५ को अस्वीकृत कर दिया गया। मानचित्र एवं नोटिस में कुल ८३ भवन स्वामियों ने सभागार में उपस्थिति दर्ज करायी जिसमें कई लोगों ने आवश्यक जानकारी प्राप्त की और समन मानचित्र के विषय में आवश्यक पुछताछ की।

## दैनिक जागरण–दि0 12.12.2025

### वीडीए के सभागार ने कैंप में 96 मामलों की सुनवाई

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप में भवन स्वामियों की समस्याओं को खुद वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने सुनीं। कैंप में 96 मामले की सुनवाई की गई। इसमें नियोजन अनुभाग ने आठ प्रकरणों, स्कूटनी में 15 प्रकरणों को अस्वीकृत कर दिया गया।

83 भवन स्वामी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। उपाध्यक्ष और सचिव एक-एक भवन स्वामियों की समस्याओं को सुनने के साथ संबंधित विभाग को निस्तारित करने के लिए निर्देशित कर रहे थे। शमन मानचित्र को लेकर जोनल अधिकारी जल्द से जल्द निस्तारित करने को कह रहे थे। सचिव डा. वीपी मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सौरभ जोशी, संजीव कुमार, शिवाजी मिश्रा आदि रहे।

## जनवार्ता–दि0 12.12.2025

### शहरी विकास को नई गति: नोटिस-मानचित्र निस्तारण कैम्प में 100 प्रकरणों की सुनवाई

**नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का वीडीए में हुआ सफल आयोजन**

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई कार्यक्रम भवन स्वामियों से प्राप्त मानचित्रों, नोटिसों तथा शमन से संबंधित प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



गुरुवार को वीडीए में मानचित्र निस्तारण के दौरान वीसी व अन्य।

गुरुवार को आयोजित इस कैम्प में उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सभी अनुभाग ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त मानचित्रों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों या नियमों के अनुपालन न होने पर अस्वीकृत किया गया है, उनमें संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाए।

**कैम्प की प्रमुख कार्यवाहियाँ:** कुल 100 प्रकरण सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुए। नियोजन अनुभाग द्वारा 8 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। 15 प्रकरणों को अस्वीकृत या स्क्रूटनी हेतु सम्मनित किया गया। मानचित्र एवं नोटिस संबंधी सुनवाई में कुल 83 भवन स्वामी उपस्थित हुए।

जनसुनवाई के दौरान सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण तथा नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने समन्वित रूप से कार्यवाही को सुचारू बनाते हुए कैम्प को सफल बनाया।

प्राधिकरण द्वारा मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ एवं त्वरित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निर्णय लिया गया है कि हर बृहस्पतिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में नियमित रूप से नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का आयोजन किया जाएगा, ताकि भवन स्वामियों को एक ही स्थान पर सरल, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान प्राप्त हो सके और शहर के सुव्यवस्थित शहरी विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 12.12.2025

### वीसी पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का हुआ आयोजन

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भवन स्वामियों से प्राप्त मानचित्रों, नोटिसों तथा शमन से संबंधित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना था।



वीडीए वीसी पुर्ण बोरा की अध्यक्षता में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप का हुआ आयोजन

वीडीए उपाध्यक्ष ने इस दौरान निर्देशित किया कि सभी अनुभाग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त मानचित्रों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों अथवा नियमों के अनुपालन न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है, उन पर संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए.इस व्यापक जनसुनवाई अभियान में नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण, तथा नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे और सभी ने अपने-अपने स्तर से कार्यवाही को सुचारू रूप देकर कैम्प को सफल बनाया।

- कैम्प में कुल 100 प्रकरण सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुए।
- नियोजन अनुभाग द्वारा 08 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।
- 15 प्रकरणों को अस्वीकृत / स्क्रूटनी हेतु सम्मनित किया गया।
- मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 83 भवन स्वामी उपस्थित हुए।

## न्यायाधीश–दि0 12.12.2025

### नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का हुआ सफल आयोजन



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में 11/12/2025 को उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कैम्प का उद्देश्य भवन स्वामियों से प्राप्त मानचित्रों, नोटिसों तथा शमन से संबंधित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना था।उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अनुभाग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त मानचित्रों एवं प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन मानचित्रों को तकनीकी कारणों अथवा नियमों के अनुपालन न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है, उन पर संबंधित प्रवर्तन टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।कैम्प के दौरान विभिन्न अनुभागों द्वारा की गई प्रमुख कार्यवाहियाँ निम्नलिखित रहीं।कैम्प में कुल 100 प्रकरण सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुए।नियोजन अनुभाग द्वारा 08 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।15 प्रकरणों को अस्वीकृत / स्क्रूटनी हेतु सम्मनित किया गया।मानचित्र एवं नोटिस से संबंधित सुनवाई में कुल 83 भवन स्वामी उपस्थित हुए।इस व्यापक जनसुनवाई अभियान में नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, लिपिकगण, तथा नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे और सभी ने अपने-अपने स्तर से कार्यवाही को सुचारू रूप देकर कैम्प को सफल बनाया।प्राधिकरण द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ एवं त्वरित बनाया जाए। इसी क्रम में निणर्य लिया गया है कि हर बृहस्पतिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में नियमित रूप से 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का आयोजन किया जाएगा , जिससे भवन स्वामियों को एक ही स्थान पर पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध समाधान उपलब्ध हो सके तथा शहर के सुव्यवस्थित शहरी विकास को प्रोत्साहन मिल सके।